## विज्ञापन संख्या :IITR/Project Staff/05/2026

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय** | **01/10/2026, प्रातः 11:00 बजे** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय** | **07/10/2026, सायं 05:00 बजे** |

भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। यह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक प्रतिष्ठित घटक प्रयोगशाला है। संस्थान विष विज्ञान के प्रमुख क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मिशनों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न है।संस्थान के प्रमुख अनुसंधान क्षेत्रों में पर्यावरणीय विषविज्ञान, पूर्वानुमानात्मक विषविज्ञान, स्वास्थ्य जोखिम आकलन, निवारक विषविज्ञान, श्वसन विषविज्ञान, विश्लेषणात्मक विषविज्ञान, आदि शामिल हैं। सीएसआईआर-आईआईटीआर के दो परिसर हैं। इसका मुख्य परिसर उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर के मध्य स्थित है, जबकि द्वितीय परिसर मुख्य परिसर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को विभिन्न सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ अथवा बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं के अंतर्गत पूर्णतः अस्थायी आधार पर 'प्रोजेक्ट स्टाफ' के रूप में नियुक्ति हेतु आयोजित व्यक्तिगत साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ये पद सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ में कार्यरत विभिन्न परियोजनाओं के लिए हैं।

**परियोजना-वार रिक्तियों का सारांश तथा अन्य संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं:**

| Level | Project Code | No. of Posts | Upper Age Limit | Monthly Emoluments (Rs.) | Mode of Selection and Date & Venue of Interview |
|---|---|---|---|---|---|
| **Project Associate-I** | FBR050404 | 04 | **35 years**<br>Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 25,000/-+ HRA**<br>(20% of fellowship) Per Month.<br>**OR**<br>**Rs. 31,000/- + HRA**<br>(20% of fellowship) Per Month.<br>for those Candidates who have qualified CSIR-UGC / ICMR / ICAR NET or GATE or National level examination conducted by Central Government Departments and their agencies and Institutions, provided that the qualifying fellowship/score is valid as on the date of the Interview. | **Interview On 23.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001. |
| | FTT030602 | 02 | | | |
| | CLP-39 | 01 | | | |
| | FBR 090407 | 01 | | | |
| | MMP025304 | 06 | | | |
| | HCP002601 | 01 | | | |
| | **Total** | **15 (Fifteen)** | | | |
| **Project Associate-II** | MLP-002624 (EC-PA2) | 02 | **35 years**<br>Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 28,000/-+ HRA**<br>(20% of fellowship) Per Month<br>**OR**<br>**Rs. 35,000/- + HRA**<br>(20% of fellowship) Per Month<br>for those Candidates who have qualified CSIR-UGC / ICMR / ICAR NET or GATE or National level examination conducted by Central Government Departments and their agencies and Institutions, provided that the qualifying fellowship/score is valid as on the date of the Interview. | **Interview On 22.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | SSP-540 | 01 | | | |
| | SSP-532 | 01 | | | |
| | HCP002601 | 01 | | | |
| | **Total** | **05 (Five)** | | | |

| Level | Project Code | No. of Posts | Upper Age Limit | Monthly Emoluments (Rs.) | Mode of Selection and Date & Venue of Interview |
|---|---|---|---|---|---|
| **Senior Project Associate** | MLP-002624 (IT-SA) | 01 | **40 years** Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 42,000/- + HRA** (20% of fellowship) Per Month. | **Interview On 22.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | MLP-002624 (FEST-GLABP) | 01 | | | |
| | **Total** | **02 (Two)** | | | |
| **Project Scientist-I** | MLP-002624 (SAM-PS1) | 01 | **35 years** Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 56,000/- + HRA** (20% of fellowship)Per Month.<br>Increment of 5% for every 2 years of experience in the same project. | **Interview On 22.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | MLP-002624 (IT-SS) | 01 | | | |
| | HCP002601 | 01 | | | |
| | **Total** | **03 (Three)** | | | |
| **Project Research Scientist-II** | GAP-477 | 01 | **40 years** Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 67,000/- + HRA** (20% of fellowship) Per Month | **Interview On 22.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | **Total** | **01 (One)** | | | |
| **Junior Research Assistant** | GAP-476 | 01 | **28 years**<br>As on 1st of April of the Year.<br>Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 25000/-** Per Month For The FirstTwo Years<br>**&**<br>**Rs. 28,000/-** Per Month For Third Year. | **Interview On 23.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | **Total** | **01 (One)** | | | |
| **Project Assistant-I** | HCP002601 | 02 | **35 years**<br>Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 18,000/- + HRA** (20% of fellowship) Per Month. | **Interview On 23.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | **Total** | **02 (Two)** | | | |
| **Project Technical Support-III** | GAP-447 | 01 | **35 years**<br>Relaxable up to 5 years in case of SC/ST, PwBD and Women Candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates. | **Rs. 28,000/-+ HRA** (20% of fellowship) Per Month. | **Interview On 22.10.2026**<br>Reporting Time: 09:00 AM<br>Gate Closing Time: 10:00 AM<br>**Venue:** CSIR-IITR, 31 Mahatma Gandhi Marg, Lucknow-226001 |
| | GAP-477 | 01 | | | |
| | **Total** | **02 (Two)** | | | |

**परियोजना-वार रिक्त पदों तथा अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:**

| Sr. No | Name, Post Code & No. of Position and Title of the Project | Qualification& Experience | Job Description |
|---|---|---|---|
| 1. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**FBR050404**<br>**(04)**<br>"Occurrence, Toxicity and Remediation of PharmaceuticalActive Compounds (PhACs) in Indian Sewage Treatment Plants (STPs) Water." | **Essential Qualification:**<br>M.Sc. in Zoology/Environmental Sciences/Biochemistry.<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in field sample collection and conducting bioassays in *Daphnia magna* model. | Research activity involving STP visits, sample collection, and toxicity assessment of PhACs in *D. magna* model. |
| | | **Essential Qualification:**<br>M.Sc. in Chemistry.<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in extraction/processing of environmental samples and analysis by chromatographic systems. | Research activity involving STP visits, sample collection, processing, and instrumental analysis of PhACs in STP water. |
| | | **Essential Qualification:**<br>M.Sc. in Zoology/Biotechnology/Microbiology/Biochemistry<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience of handling *C. elegans* model, microscopy and biochemical assays. | Research activity involving STP visits, sample collection, and toxicity assessment of PhACs in *C. elegans* model. |
| | | **Essential Qualification:**<br>M.Sc./M.Tech in Life Sciences/Microbiology/Biotechnology.<br>**Desirable Qualification:**<br>Hands on experience in microbiological, biochemical, molecular biology and/or bioinformatic techniques evident from internship/dissertation or related prior work. | Research activity involving STP visits, sample collection, and routine microbiological analysis (culturing, biochemical tests, and PCR), and bioinformatics. |
| 2. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**FTT030602**<br>**(02)**<br>"Scaling up the multi-fume technology integrated with a sequential fumigation process and eco-friendly fumigants for safe storage of food commodities against insect pest infestations". | **Essential Qualification:**<br>M.Sc., Toxicology / Zoology or M.V.Sc in Pharmacology/Toxicology/Pathology/Lab Animal Science.<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience In Conducting Toxicological Studies in Aquatic, Terrestrial, and Mammalian Model Systems. | To assess safety evaluation of eco-friendly fumigants as per OECD guidelines in mammalian and ecological model systems. |
| 3. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**CLP-39**<br>**(01)**<br>"Lead-UP (Lead Exposure Assessment and Detection in Uttar Pradesh)." | **Essential Qualification:**<br>Master's Degree In Chemistry / Chemical Sciences / Analytical Chemistry.<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience in leaching studies, metal analysis and analytical equipments like ICP-MS / AAS. | Activity involving preparation of different food and environmental samples for metal analysis. |
| 4. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**FBR090407**<br>**(01)**<br>**"**Mixture Toxicity of Emerging Contaminants and it'sCumulative Risk Assessment in Marine & Fresh Water Ecosystems (MIXTOX)." | **Essential Qualification:**<br>M.Sc., Toxicology / Zoology / Biotechnology / Biochemistry.<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience In Field Sample Collection And Conducting Bioassays In Aquatic Organisms. | Mixture toxicity assessment of emerging contaminants in Daphnia magna and Daniorerio. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**MMP025304**<br>**(06)**<br>"CSIR Aroma 4.0: Driving Sustainable Rural Empowerment and Entrepreneurship through Aromatic Plants." | **Essential Qualification:**<br>Master's Degree in Biotechnology / Toxicology / Zoology from a recognized University or equivalent.<br>**Desirable Qualification:**<br>Preference will be given to personnel with Research/Working experience in mammalian cell culture/ regulatory frameworks, and experience handling small laboratory animals, etc. | To conduct the in vitro studies using cultured mammalian cells/ safety/ toxicity studies under the regulatory framework. |
| 6. | **Project Associate-I (PAT-I)**<br>**HCP002601**<br>**(01)**<br>"CSIR-JIGYASA : Bridging scientists and school students for R&D Innovation and Outreach" | **Essential Qualification:**<br>Master's in Biochemistry / Microbiology / Toxicology<br>**OR**<br>B. Tech in Biotechnology.<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in Cell Culture and Practical Knowledge of High end Scientific equipments. | To explain the working principles and applications of scientific equipment used in R&D, along with practical demonstrations of relevant experiments and techniques. |
| 7. | **Project Assistant-I**<br>**HCP002601**<br>**(02)**<br>"CSIR-JIGYASA : Bridging scientists and school students for R&D Innovation and Outreach" | **Essential Qualification:**<br>SSC/10th Plus ITI<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in working with computers. | Data entry, social media updates, Digital Content Development, support in outreach activities |
| 8. | **Project Associate-II (PAT-II)**<br>**MLP-002624**<br>**(EC-PA2)**<br>**(02)**<br>"Hybrid Initiatives based on Exposome approach to leverage safer Human Health & Environment". | **Essential Qualification:**<br>Master's/ Integrated Master's in Natural or Agricultural or Pharmaceutical Sciences / MVSc/ Animal Sciences.<br>**And**<br>02 years experience in Research and Development in Industrial and Academic Institutions or Sciences activities and services.<br>**OR**<br>Bachelor's degree in Engineering or Technology or Medicine from a recognized University or equivalent.<br>**And**<br>02 years experience in Research and Development in Industrial and Academic Institutions or Sciences activities and services.<br>**OR**<br>Master's/ Integrated Master's in Engineering or Technology from a recognized University.<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience in sample preparation, Extraction in different environments, & Food matrices and chromatography. | |
| 9. | **Project Associate-II (PAT-II)**<br>**SSP-540**<br>**(01)**<br>"Annual Inspection of GPIs-2026 operating in river Ganga & Yamuna main stem states" | **Essential Qualification:**<br>Master's degree in Microbiology / Biotechnology / Chemistry / Life Science.<br>**And**<br>02 years of research experience<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience in water/waste water analysis. | Collection and analysis of water & wastewater samples, Report preparation, Statistical analysis, data analysis and science and technical reports/communications drafting. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **10.** | **Project Associate-II (PAT-II)**<br>**SSP-532**<br>**(01)**<br>"Third Party Monitoring of Environmental Parameters at NTPC Rihand for 02 years." | **Essential Qualification:**<br>B. Tech / M. Tech / Master's degree in Civil / Environmental Engineering / Science from a recognized university.<br>**And**<br>02 years of experience in industry / science & technology organization / Academic Institution.<br>**Desirable Qualification:**<br>The candidate should have 02 years of experience in stack emissions, environmental monitoring and assessment. | Air & Water sampling from industrial sites, monitoring of stack emissions. Laboratory analysis of collected samples for pollution parameters |
| **11.** | **Project Associate-II (PAT-II)**<br>**HCP002601**<br>**(01)**<br>"CSIR-JIGYASA : Bridging scientists and school students for R&D Innovation and Outreach" | **Essential Qualification:**<br>Master's in Computer Science / Computer Application / Information Technology<br>**And**<br>Two years of experience in Research and Development in Industrial/Academic Institutions or Science and Technology Organization.<br>**OR**<br>B. Tech in Computer Science / Computer Application / Information Technology<br>**And**<br>Two years of experience in Research and Development in Industrial / Academic Institutions or Science and Technology Organization.<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in handling graphic design and content writing. | Student engagement, experiments, logistics and digital support and content development. |
| **12.** | **Project Technical Support-III**<br>**GAP-447**<br>**(01)**<br>"Understanding Bisphenol-A Mediated Effect on Mitochondrial Protein Import Machinery and Neural Fate Decisions in the Rat Brain : Implication on Cognitive Functions" | **Essential Qualification:**<br>M. Sc / M. Tech degree in Biotechnology / Toxicology / Biochemistry / Biological Sciences / Life Sciences / Microbiology / Neurosciences from a recognized University.<br>**Desirable Qualification:**<br>Desirable experience of rodent handling, mammalian cell culture, western blotting, Real-Time PCR, Microscopy etc. | To carry out the experimental neural stem cell culture and animal studies as proposed in the project. |
| **13.** | **Project Technical Support-III**<br>**GAP-477**<br>**(01)**<br>"Targeting the HDAC1-CIP2A-PP2AC signaling axis to overcome chemoresistance against standard therapy in non-small cell lung cancer" | **Essential Qualification:**<br>1. Three-year graduate degree in Life Sciences (Biotechnology, Biochemistry, Zoology), or any allied subject, with three (03) years post-qualification experience in the relevant subject, **OR**<br>2. PG in Life Sciences (Biotechnology, Biochemistry, Zoology), or any allied subject.<br>**Desirable Qualification:**<br>Candidates with prior experience in handling mammalian cell culture and knowledge of cancer biology/cell-signaling concepts will be preferred. | Development of chemoresistant cell lines, cell-based assays, flow cytometry assays, animal model development, and establishment of patient-derived organoids or any other project-related task. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | **Senior Project Associate**<br>**(Senior-PAT)**<br>**MLP-002624**<br>**(IT-SA)**<br>**(01)**<br><br>"Hybrid Initiatives based on Exposome approach to leverage safer Human Health & Environment" | **Essential Qualification:**<br>Bachelor of Engineering or technology in field of computer science / Information Technology from a recognized University or equivalent<br>**And**<br>03 years of research experience<br>**OR**<br>M.Tech in field of computer science/Information Technology.<br>**Desirable Qualification:**<br>• Network infrastructure & firewall management experience.<br>• Strong networking & security fundamentals (TCP / IP, DNS, VPNs, VLANs).<br>• Hands-on with firewalls (Fortinet, Cisco, Sophos).<br>• Knowledge of IDS/IPS, SIEM, endpoint & network security tools.<br>• Familiar with ISO 27001 and IT security policies.<br>• Linux/Unix & Windows server experience.<br>• Backup, disaster recovery & web security (SSL/TLS) knowledge.<br>• Relevant certifications (CEH, CISSP, Security+, CCNA Security).<br>• Understanding of cyber laws & data privacy.<br>• Strong analytical, problem-solving, and independent working skills. | •Manage and monitor internet connectivity and network performance across the institute.<br>•Configure, maintain, and update firewall systems to ensure network security.<br>•Implement and enforce cybersecurity policies and best practices.<br>• Monitor network traffic and detect/respond to suspicious activities or security breaches.<br>• Configure and manage VPNs, proxies, and secure access systems.<br>• Perform regular vulnerability assessments and risk analysis.<br>• Maintain antivirus, endpoint security, and intrusion detection/prevention systems.<br>• Ensure data protection through backups and disaster recovery planning.<br>• Troubleshoot network, firewall, and security-related issues.<br>• Maintain logs, reports, and documentation related to network and security operations.<br>•Ensure compliance with cybersecurity standards and government/organizational guidelines.<br>• Provide technical support and guidance on security-related matters. |
| 15. | **Senior Project Associate**<br>**(Senior-PAT)**<br>**MLP-002624**<br>**(FEST-GLABP)**<br>**(01)**<br><br>"Hybrid Initiatives based on Exposome approach to leverage safer Human Health & Environment" | **Essential Qualification:**<br>Master's Degree in Zoology / Biotechnology from a recognized University or Equivalent.<br>**And**<br>03 years of experience in Research and Development in Industrial and Academic Institutions or Science and Technology Organizations, and Scientific activities and services, or a PhD in Biotechnology<br>**Desirable Qualification:**<br>Research experience in 2D and 3D cell culture, molecular biology, immunocytochemistry, western blot, etc. | To conduct the in vitro studies using 2D/ 3D cultures derived from human iPSCs and mammalian cells. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **16.** | **Project Scientist (PS-I)**<br>**MLP-002624**<br>**(IT-SS)**<br>**(01)**<br>**“**Hybrid Initiatives based on Exposome approach to leverage safer Human Health & Environment”. | **Essential Qualification:**<br>Doctoral Degree in Science or Masters / integrated Masters in Engineering or Technology from a recognized University or equivalent.<br>**And**<br>04 years’ experience in Research and Development in Industrial and Academic Institutions or Science and Technology Organizations and Scientific activities and services.<br>**Desirable Qualification:**<br>Strong proficiency in PHP and full stack development, Experience in developing standalone application software, Knowledge of front-end technologies (HTML, CSS, JavaScript), Experience with relational data bases (MySQL, PostgreSQL, etc.), Experience with PHP frameworks (Laravel, Codelgniter, Symfony), Familiarity with modern front-end frameworks (React, Angular, Vue.js), Knowledge of web server configuration (Apache, Nginx, xampp), Experience with version control systems (Git), Understanding of RESTful APIs and third-party integrations, Familiarity with Linux/Unix environments, knowledge of application security practices, Strong problem-solving and analytical skills, Ability to work independently on standalone systems. | Design, develop, and maintain standalone and web-based application software, Write clean, efficient, and well-documented code using PHP and related technologies, Develop responsive and user-friendly front-end interfaces, Build and integrate backend services, APIs, and database systems, Configure, deploy, and manage web servers (Apache/Nginx/xampp),Optimize application performance, scalability, and security, Troubleshoot, debug, and upgrade existing software, Collaborate with team members or work independently to deliver projects on time, Ensure adherence to best coding practices and software development standards. |
| **17.** | **Project Scientist (PS-I)**<br>**MLP-002624**<br>**(SAM-PS1)**<br>**(01)**<br>**“**Hybrid Initiatives based on Exposome approach to leverage safer Human Health & Environment”. | **Essential Qualification:**<br>Doctoral Degree in Biotechnology / Microbiology / Biochemistry / Environmental Microbiology / Environmental Sciences.<br>**And**<br>04 years experience in research & development in industrial & Academic institutions or S&T organisations and scientific activities and services.<br>**Desirable Qualification:**<br>Candidate with strong experience in data handling and management, data validation, report preparation and research documentations. | Research data analysis & compilation using standard tools, documentation and report preparation. |
| **18.** | **Project Scientist-I (PS-I)**<br>**HCP002601**<br>**(01)**<br>“CSIR-JIGYASA : Bridging scientists and school students for R&D Innovation and Outreach” | **Essential Qualification:**<br>Doctoral Degree in Science or Master's in Public Health<br>**And**<br>Four years of experience in Research and Development in Industrial / Academic Institutions or Science and Technology Organization.<br>**Desirable Qualification:**<br>Prior experience in coordination of outreach Program. | Programme coordination, technical supervision, Outreach coordination, training programmes and documentation. |
| **19.** | **Project Research Scientist-II**<br>**GAP-477**<br>**(01)**<br>“Targeting the HDAC1-CIP2A-PP2AC signaling axis to overcome chemoresistance against standard therapy in non-small cell lung cancer” | **Essential Qualification:**<br>1. Post Graduate Degree, including the integrated PG degrees Life Sciences (Biotechnology, Biochemistry, Zoology), or any allied subject, with three (03) years post-qualification experience in the relevant subjects,<br>**OR**<br>2. PhD in Life Sciences (Biotechnology, Biochemistry, Zoology), or any allied subject.<br>**Desirable Qualification:**<br>1. Candidates with prior experience in handling in vitro (cancer cell lines) and in vivo rodent cancer models, Next-generation sequencing and data analysis, proteomics, and patient-derived organoids will be preferred.<br>2. Candidates with post-doctoral experience in the above area will be given preference. | Development of animal models of cancer, Co-immunoprecipitation/CHIP sequencing, NGS-transcriptomics and data analysis, proteomics, development of CRISPR/Cas9 Knockout cells, and establishment of patient-derived organoids or any other project-related task. |

| 20. | **Junior Research Assistant (JRA)**<br>**GAP-476**<br>**(01)**<br>Development of phyto-polymer filters from agricultural waste and assessing their application for sampling and treatment of air pollution. | **Essential Qualification:**<br>B.E. / B. Tech / M. Sc in Environment / Civil from a Recognized University / Institutes.<br>**With**<br>High Academic Attainment With I$^{st}$ Class In Graduate And Post Graduate Examination.<br>**Desirable Qualification:**<br>Experience In Development, Characterization, And Evaluation Of Polymer-Based Filter Media For Air Pollution Sampling And Control. | Development, characterization, and performance evaluation of phyto-polymer filter media from agricultural waste for air pollution control/treatment, including ambient air sampling and filtration-efficiency assessment. |
|---|---|---|---|

## I. आयु सीमा एवं आयु में छूट

**1. न्यूनतम आयु:**

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

**2. अधिकतम आयु सीमा:**

| क्रम संख्या | पद नाम | आयु सीमा (वर्ष में) |
|---|---|---|
| 01 | डाइमंड जुबली रिसर्च इंटर्न | 25 वर्ष |
| 02 | परियोजना- कनिष्ठ अनुसंधान वेत्ता | 28 वर्ष |
| 03 | प्रोजेक्ट असिस्टेंट -I | 35 वर्ष |
| 04 | प्रोजेक्ट असिस्टेंट -II | |
| 05 | प्रोजेक्ट एसोसिएट-I | |
| 06 | प्रोजेक्ट एसोसिएट-II | |
| 07 | सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट | |
| 08 | प्रोजेक्ट टेक्निकल सपोर्ट-III* | |
| 09 | प्रोजेक्ट साइंटिस्ट -I | 40 वर्ष |
| 10 | प्रोजेक्ट साइंटिस्ट -II | |
| 11 | प्रिन्सिपल प्रोजेक्ट एसोसिएट | |
| 12 | प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट-II* | |
| 13 | प्रोजेक्ट साइंटिस्ट-III | 45 वर्ष |
| 14 | जूनियर रिसर्च असिस्टेंट (JRA)** | 28 वर्ष |

* *आईसीएमआर के दिशा निर्देशानुसार।*

** जूनियर रिसर्च असिस्टेंट *(JRA) पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु आवेदन किए जाने वाले वर्ष की 01 अप्रैल को 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।*

**3. आयु में छूट:**

(क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजनएवं महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

(ख) अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

## II. चयन प्रक्रिया

**1. पात्र एवं अपात्र सूची:**

स्क्रीन-इन (पात्र) एवं स्क्रीन-आउट (अपात्र) अभ्यर्थियों की अंतिम सूची दिनांक 15.10.2026 (संभावित) को प्रकाशित की जाएगी।

**2. सभी पदों के लिए:**

सभी पदो हेतु चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

**** यदि प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होती है, तो आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित तिथि के साथ-साथ अगले दिन भी साक्षात्कार आयोजित किए जा सकते हैं।*

## सामान्य नियम एवं शर्तें:

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. **जूनियर रिसर्च असिस्टेंट के लिए:** केवल वे भारतीय नागरिक, जो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, वही सीएसटी, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान परियोजनाओं के अंतर्गत अनुसंधान सहायकता/अनुसंधान सहयोगिता के लिए पात्र होंगे।
3. **विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थायी हैं तथा संबंधित परियोजनाओं की अवधि तक ही मान्य रहेंगे।**
4. **इन परियोजनाओं के अंतर्गत नियुक्ति से अभ्यर्थी को सीएसआईआर अथवा सीएसआईआर-आईआईटीआर में नियमित नियुक्ति या नियमितीकरण का कोई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष अधिकार प्राप्त नहीं होगा।**
5. रिक्तियों की संख्या अस्थायी है तथा परियोजना की आवश्यकता के अनुसार इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। इस विज्ञापन के प्रकाशित होने का यह अर्थ नहीं है कि सभी विज्ञापित पदों को अनिवार्य रूप से भरा जाएगा। सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अथवा सभी पदों को रद्द, संशोधित या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. **आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव की गणना हेतु निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि होगी।**
7. **निर्धारित शैक्षणिक योग्यता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थान या बोर्ड अथवा संबंधित वैधानिक/नियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित संस्था से प्राप्त होनी चाहिए। अर्हता परीक्षा का अंतिम परिणाम ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक घोषित हो जाना चाहिए।;**
8. **जहाँ किसी पद के लिए अनुभव आवश्यक है, वहाँ केवल न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद अर्जित अनुभव ही मान्य होगा।**
9. **जहाँ किसी विशेष विषय या कार्यक्षेत्र में अनुभव निर्धारित है, वहाँ अनुभव की गणना संबंधित पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि से की जाएगी।**
10. अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी प्रमाणपत्र एवं प्रशंसापत्र सत्यापन के अधीन होंगे। संस्थान की मांग पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन में दी गई कोई भी गलत, असत्य या अपूर्ण जानकारी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर देगी। नियुक्ति प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उम्मीदवारी अस्थायी रहेगी तथा विज्ञापन में निर्धारित पात्रता एवं सीएसआईआरके लागू नियमों के अधीन होगी।
11. **यदि अपलोड किए गए कक्षा 10वीं के प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि अंकित नहीं है, तो अभ्यर्थी को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में वैध जन्म प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।**
12. ऑनलाइन आवेदन में अंकित जन्मतिथि मैट्रिक/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र अथवा जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि से पूर्णतः मेल खानी चाहिए। बाद में जन्मतिथि में किसी प्रकार के परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. जिन अभ्यर्थियों को CGPA, SGPA, OGPA अथवा अन्य ग्रेडिंग प्रणाली के आधार पर अंक प्रदान किए गए हैं, वे अपनी विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा निर्धारित सूत्र के अनुसार उसे प्रतिशत में परिवर्तित कर आवेदन में अंकित करें।
14. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक अथवा अन्य आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
15. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपनी सभी शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव तथा अन्य प्रासंगिक विवरणों का सही उल्लेख करें तथा उनके समर्थन में वैध दस्तावेज संलग्न करें।
16. **आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक विज्ञापन में निर्धारित सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव एवं अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता संबंधी किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित योग्यता एवं अनुभव न्यूनतम पात्रता हैं तथा चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।**
17. **आवेदन अंतिम रूप से जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि आवेदन पूर्ण है तथा सभी आवश्यक प्रमाणपत्र एवं दस्तावेज अपलोड किए गए हैं। आवेदन में दी गई जानकारी एवं सत्यापन के समय प्रस्तुत मूल दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी संबंधित पद हेतु अपात्र माना जाएगा।**
18. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन जमा करें। अंतिम समय में सर्वर की समस्या, तकनीकी कठिनाई अथवा अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण अंतिम तिथि में कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
19. यदि कोई अभ्यर्थी दावा करता है कि उसकी योग्यता विज्ञापन में निर्धारित योग्यता के समकक्ष है, तो उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश/पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें समकक्षता की स्वीकृति, संदर्भ संख्या एवं तिथि का उल्लेख हो। ऐसा न करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है। समकक्षता के संबंध में अंतिम निर्णय सीएसआईआरके लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा।

20. केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक सफलतापूर्वक ऑनलाइन आवेदन जमा किया है, साक्षात्कार में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**21. आवेदन पत्र की प्रति एवं मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज़ प्रस्तुत करने पर ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**

**22. दस्तावेज सत्यापन के दौरान मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में संग्रहीत मूल दस्तावेजों के फोटो, स्कैन कॉपी अथवा डिजिटल प्रतियाँ वैध प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं की जाएंगी।**

23. अभ्यर्थियों के पास अपना वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर होना चाहिए, जो परियोजना स्टाफ चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सक्रिय रहे। प्रवेश पत्र, साक्षात्कार कार्यक्रम तथा अन्य सभी सूचनाएँ पंजीकृत ई-मेल अथवा मोबाइल नंबर पर भेजी जा सकती हैं। जिन अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी नहीं है, वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक ई-मेल आईडी बना लें तथा भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक उसे सक्रिय रखें।

24. केवल न्यूनतम पात्रता पूरी कर लेने अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने मात्र से किसी भी अभ्यर्थी को चयन का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

25. प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर संस्थान साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग अथवा शॉर्टलिस्टिंग के लिए उपयुक्त मानदंड अपनाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**26. अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर निम्नलिखित मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होना होगा—**

- आवेदन पत्र की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति।
- जन्मतिथि का प्रमाण (यदि मैट्रिक प्रमाणपत्र में उल्लेखित न हो)।
- मैट्रिक/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र।
- आवेदन में उल्लिखित सभी शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाणपत्र एवं डिग्रियाँ।
- शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता संबंधी आदेश/पत्र (यदि लागू हो)।
- वैध जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
- दिव्यांगजन (PwBD) प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में (यदि लागू हो)।
- आवेदन में उल्लिखित अथवा दस्तावेज सत्यापन हेतु आवश्यक अन्य संबंधित दस्तावेज।

27. **महत्वपूर्ण:** किसी भी परिस्थिति में साक्षात्कार की निर्धारित तिथि पर प्रातः 10:00 बजे के बाद पहुँचने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

28. साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ताअथवा दैनिक भत्तादेय नहीं होगा।

29. किसी भी प्रकार की अनुशंसा अथवा राजनीतिक या अन्य प्रभाव का उपयोग चयन प्राप्त करने के लिए करना अयोग्यता माना जाएगा।

**30. चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम, बाध्यकारी एवं निर्णायक होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार अथवा अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**31. पात्रता, आवेदन स्वीकार/अस्वीकार, स्क्रीनिंग, चयन प्रक्रिया की विधि, भर्ती प्रक्रिया के संचालन तथा अन्य सभी संबंधित मामलों में सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ के निदेशक का निर्णय अंतिम एवं सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।**

32. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परियोजना स्टाफ चयन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी, संशोधन, सूचनाएँ एवं अन्य घोषणाओं के लिए समय-समय पर सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ की आधिकारिक वेबसाइट **www.iitr.res.in** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

33. इस विज्ञापन के हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण में कोई भी अंतर होने पर अंग्रेजी ,संस्करण ही मान्य होगा।

परियोजना स्टाफ चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की पूछताछ हेतु अभ्यर्थी ई-मेल **lalit.meena01@csir.res.in** पर संपर्क कर सकते हैं।

**अन्य किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ हेतु आवेदन पत्र की एक प्रति डाउनलोड कर सुरक्षित रखें।**

**Sd/-**

**प्रशासनिक अधिकारी**